RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शुक्रवार 20 जून 2025 वर्ष 07 अंक 62 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

## साइबर जालसाजों ने महिला को बताया जासूस...



Page - 2

# एकनाथ शिंदे का उद्धव ठाकरे पर हमला

## 'हम बालासाहेब के सच्चे शिवसैनिक, खून की आखिरी बूंद तक...'

**मुंबई:** शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस के मौके पर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि हमारी शिवसेना असली है और हमारे साथ जनता का आशीर्वाद है. एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को बिना नाम लिए बिका हुआ तक कह दिया.

एकनाथ शिंदे ने कहा, ''हमारी शिवसेना का 59वां स्थापना दिवस है. आज कहीं और भी एक सभा चल रही है. लेकिन यह सभा (हमारी) बालासाहेब के विचारों की है और दूसरी सभा सत्ता के लिए मजबूर और बिका हुआ लोगों की है. असली शिवसेना हमारी है. हमारे पास धनुष-बाण का चिन्ह है और जनता का आशीर्वाद भी. 59 वर्षों में शिवसेना को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है.''

**उद्धव ठाकरे पर किया पलटवार**

उद्धव ठाकरे के 'आओ मुझे मारो' वाले बयान पर पलटवार करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, ''मतलब हम मारेंगे और फिर लौट भी जाएंगे. बाघ की खाल ओढ़ने से कोई बाघ नहीं बनता. ताकत कलाई में होनी चाहिए. सिर्फ मुंह की भाप मत उड़ाओ. हमारे चक्कर में मत पड़ो. तुम्हारी बग्गी पलट दी और घोड़े भाग गए. हम बाला साहेब के सच्चे शिवसैनिक हैं.''

**'जनता ने दिया जवाब'**

डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा, 'आज देश में बालासाहेब के विचारों



वाली शिवसेना फैल रही है. 7 राज्यों के पदाधिकारी मुझसे मिले हैं और अन्य राज्यों के नेता भी शिवसेना में शामिल होना चाहते हैं. विधानसभा की 3 चुनावों में क्या हुआ. हमने 282 सीटों पर चुनाव लड़ा और 63 सीटें जीतीं. 2019 में 124 सीटों पर लड़े और 54 जीते. 2024 में 80 सीटों पर लड़े और 60 जीते. उबाठा (उद्धव ठाकरे) ने 90 सीटों पर चुनाव लड़ा और सिर्फ 20 जीते. उन्हें हमारे पार्टी के 1/3 वोट भी नहीं मिले. महाराष्ट्र की जनता ने उन्हें जवाब दे दिया. जो सीटें उन्होंने जीतीं, वो भी कांग्रेस की मेहरबानी से. क्योंकि असली शिवसैनिकों ने उबाठा को टाटा-बाय-बाय कह दिया. जनता ने उनकी हालत खराब कर दी.'


'उनके पास सिर्फ अहंकार'

उन्होंने ये भी कहा, ''हमारे पास आत्मविश्वास है, उनके पास सिर्फ अहंकार. जिस कांग्रेस का बालासाहेब ने विरोध किया था, उसी की गोदी में कुछ लोग सत्ता के लिए बैठ गए. सत्ता के लिए उन्होंने लाचारी अपनाई. बालासाहेब और उनके विचारों के साथ विश्वासघात किया. मराठी मानुष और हिंदुत्व के साथ भी धोखा किया. गिरगिट भी रंग बदलता है, लेकिन इतनी तेजी से रंग बदलने वाला गिरगिट देश ने पहली बार देखा. मुख्यमंत्री पद के लिए जो लोग मजबूर हो गए, वो क्या आगे बालासाहेब के विचारों को लेकर चलेंगे? खुद को वारिस कहने वालों ने ही लाचारी को गले लगाया.''

**'हिंदुओं के साथ नहीं होने देंगे विश्वसाघात'**

एकनाथ शिंदे ने ये भी कहा, ''कितने उतावले हो गए हैं, मुझसे मुकाबला करने चले हैं? इंसान की हालत कब बदल जाए, कहा नहीं जा सकता. आज जो हालत हुई है, वह सत्ता के मोह और लाचारी का ही नतीजा है. हिंदुओं के साथ अंतिम रक्त की बूंद तक विश्वसाघात नहीं होने देंगे.''

## डांडिया खेलने को लेकर हुई लड़ाई, इसी के बाद भेजने लगा अश्लील मैसेज, भाई समान पड़ोसी गिरफ्तार...



**मुंबई :** मुंबई के दहिसर इलाके में साइबर यौन उत्पीड़न का चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 47 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पड़ोस में रहने वाली महिला को महीनों तक अश्लील और अपमानजनक ईमेल भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया. दहिसर पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोहित शाह को गिरफ्तार कर लिया है, जो पहले पीड़िता को बहन समान मानता था. शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वो एक निजी कंपनी में काम करती है और उसने नवंबर 2024 से लगातार आपत्तिजनक ईमेल प्राप्त होने की शिकायत दर्ज कराई थी. इन ईमेल्स में न सिर्फ अश्लील कंटेंट थे, बल्कि महिला के निजी जीवन से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी लीक की जा रही थीं. इससे परेशान होकर उसने पुलिस से मदद मांगी.

**वीपीएन का किया गया इस्तेमाल**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कढउ और कळ एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की और साइबर स्पेशलिस्ट की मदद से तकनीकी जांच शुरू की. जांच में सामने आया कि आरोपी ने खुद की पहचान छिपाने के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) का इस्तेमाल किया था, ताकि वह ट्रेस न हो सके. यही नहीं, महिला की छवि को खराब करने के लिए उसके नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट भी बनाया गया था.

**जिसे भाई माना, वही निकला अपराधी**

टेक्निकल एनालिसिस के बाद पुलिस ने गूगल और इंस्टाग्राम से आवश्यक डेटा मंगवाया और आईपी एड्रेस की गहराई से जांच की. अंततः जांच चार संदिग्धों तक सीमित हुई, जिनमें से एक मोहित शाह निकला, वही पड़ोसी जिसे महिला भाई मानती थी. शाह कई वर्षों तक इंग्लैंड में रहा और पत्नी से विवाद के बाद भारत लौट आया था.

## मुंबई एयरपोर्ट से सवा करोड़ रुपये के हीरे और विदेशी मुद्रा जब्त!

### 24.96 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा भी बरामद...

**मुंबई :** मुंबई कस्टम्स जोन-III के अधिकारियों ने ड्रग तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है. छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMI) पर की गई कार्रवाई में अधिकारियों ने दुबई जा रहे यात्री के पास से सवा करोड़ रुपये के हीरे और विदेशी मुद्रा जब्त की है. इसके साथ ही थाईलैंड से तस्करी कर लाए गए 24.96 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजे को जब्त किया है, जिसकी अवैध बाजार कीमत लगभग 24.66 करोड़ रुपये आंकी गई है.

मुंबई कस्टम्स जोन-III के अधिकारियों ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMI) पर एक भारतीय नागरिक को 17 जून 2025 को दुबई जाने से पहले इंडिगो फ्लाइट नंबर 6ए 1511 से रवाना होने के दौरान



रोका. इस ऑपरेशन में दो यात्री और एक रिसीवर को गिरफ्तार किया गया है. सूत्रों ने बताया कि 18 जून 2025 को गुप्त सूचना के आधार पर, कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से मुंबई पहुंचे दो यात्रियों को एयरपोर्ट पर रोका. जब उनके सामान की गहन जांच की गई, तो उसमें वेक्यूम-पैकेट्स में छिपाकर रखा गया हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ.

इसके बाद की गई एक समन्वित कार्रवाई में उस व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया, जो यह खेप लेने के लिए एयरपोर्ट के बाहर इंतजार कर रहा था. तीनों आरोपियों पर एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है. प्राथमिक जांच में अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट की संलिप्तता के संकेत मिले हैं और पूरे नेटवर्क की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए आगे की जांच जारी है.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# सैन्य कार्रवाई पर सस्ती राजनीति...

वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत का श्रेय आंध्र के एक कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दुर्गा की उपाधि देकर दिया था, पर आज आपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय विपक्षी दल खासकर कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी को देने से कतरा रही है। कांग्रेस का यह रवैया पुराना है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में बालाकोट एयर स्ट्राइक पर तब कांग्रेस अध्यक्ष रहे राहुल गांधी ने कहा था, 'इसके लिए मैं वायुसेना के पायलटों को सलाम करता हूं।' क्या ऐसा कुछ है कि 1971 में युद्ध शुरू करने का आदेश तो प्रधानमंत्री देती थीं, पर 2019 में और अब ऐसे फैसले सेना स्वतः लेने लगी है?

चूंकि जनता सब जानती है, इसलिए लगता नहीं कि कांग्रेस के कहे का उस पर कोई प्रभाव पड़ेगा। 2019 में कांग्रेस नेतृत्व यह दशार्ना चाहता था कि एयर स्ट्राइक का निर्णय वायुसेना ने खुद लिया, जबकि यह जगजाहिर है कि सेना चुनी हुई सरकार के अधीन कार्य करती है। वह खुद से सीमा पार कार्रवाई नहीं करती। इसके लिए उसे सरकार आदेश देती है। इस पर हैरानी नहीं कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 2014 की अपेक्षा अधिक सीटें मिलीं। सामरिक महत्व के मामलों पर कैसी सस्ती राजनीति होती है, इसका परिचय बीते दिनों दिनों बंगाल विधानसभा में पहलगाम आतंकी हमले और फिर उसके जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से संबंधित प्रस्ताव से भी मिला। उसमें सैन्य कार्रवाई के लिए सेना की प्रशंसा करते हुए उसे धन्यवाद दिया गया, पर उसमें आपरेशन सिंदूर का उल्लेख नहीं किया गया। बांग्लादेश युद्ध में विजय के बाद इंदिरा गांधी ने उसका चुनावी लाभ किस तरह उठाया था, इसके प्रमाण मीडिया रिपोर्ट में दर्ज हैं। 1972 के प्रारंभ में कुछ विधानसभाओं के चुनाव होने वाले थे। तब चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस ने यह बात छिपाने की कोशिश नहीं की कि 'भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत इंदिरा गांधी के सफल नेतृत्व का प्रतीक है और उनका हाथ मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रदेशों में कांग्रेस की ही सरकार होनी चाहिए। मजबूत केंद्र सरकार होने के कारण ही विदेशी आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सका। अब गरीबी खत्म करने के लिए केंद्र और राज्यों का तालमेल होना आवश्यक है।'

(दिनमान-5 मार्च, 1972)। इतना ही नहीं, इंदिरा गांधी ने मतदाताओं के नाम एक चिट्ठी भी कई भाषाओं में जारी की। उसे चुनावी राज्यों में घर-घर पहुंचाया गया। उसमें इस पर जोर दिया गया था कि 'देशवासियों की एकता और उच्च आदर्शों के प्रति इंदिरा जी की निष्ठा ने हमें युद्ध जिताया। अब उसी लगन से हमें गरीबी हटानी है। इसके लिए प्रदेशों में हमें ऐसी सरकारों की जरूरत है, जिनका केंद्र से बढ़िया तालमेल हो।'

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# साइबर जालसाजों ने महिला को बताया जासूस...

## आरोप लगाकर ठगे 22 लाख



**मुंबई:** मुंबई में एक बुजुर्ग महिला साइबर जालसाजों के शिकंजे में आ गई, जिसके कारण उसे लाखों की चपत लग गई। ये मामला मुंबई से सामने आया है, जहां साइबर जालसाजों ने बड़ी ही चालाकी से खुद को आतंकी विरोधी दस्ते (एटीएस) के अधिकारी होने का दावा किया और महिला पर पाकिस्तानी जासूस होने का आरोप लगा दिया। खबर है कि साइबर जालसाजों ने खुद को दिल्ली एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस का कर्मी बताया और एक बुजुर्ग महिला से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप लगाकर, उससे 22 लाख रुपये ऐंठ लिए। एक अधिकारी ने दावा करते हुए बताया कि शहर में जासूसी के नाम पर लोगों को ठगने का यह पहला मामला सामने आया है।

**दिल्ली एटीएस का बताया अधिकारी**

एक अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण मुंबई के गिरगांव में रहने वाली 64 वर्षीय महिला ने पिछले हफ्ते दक्षिण क्षेत्र साइबर थाने में संपर्क कर शिकायत दर्ज की। महिला की शिकायत के मुताबिक उसे जून महीने की शुरूआत में अज्ञात नंबरों से तीन फोन आए। फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली एटीएस अधिकारी प्रेम कुमार गुप्ता और 'जम्मू-कश्मीर सीमा थाने' में तैनात बताया।

उन्होंने बताया कि जालसाजों ने महिला से कहा कि उनके खिलाफ पाकिस्तान के साथ संवेदनशील जानकारी शेयर करने का मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद जालसाज ने महिला को धमकी देते हुए चेतावनी भी दी कि उसे जासूसी के लिए 10 साल की कैद और 50 लाख रुपये का जुमार्ना भरना पड़ेगा।

**जालसाजों ने ठगे 22.4 लाख रुपये**

महिला को जाल में फंसाने के लिए जालसाजों ने उसके फोन पर अपने आईडी कार्ड की तस्वीर भी शेयर की। अधिकारी ने बताया कि महिला घबरा गई। गिरफ्तारी और अन्य कानूनी जटिलताओं के डर से महिला ने 5 से 10 जून के बीच जालसाजों के विभिन्न बैंक खातों में कुल 22.4 लाख रुपये जमा कर दिए। पैसे मिलने के बाद महिला को फोन आना बंद हो गया और फिर उसे एहसास हुआ कि उसके साथ बड़ा धोखा हुआ है।

## मुंब्रा उपनगरीय ट्रेन दुर्घटना में घायल यात्री की निजी अस्पताल में मौत... मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई

**ठाणे :** अधिकारियों ने बताया कि ठाणे जिले के मुंब्रा स्टेशन के पास 9 जून को हुई उपनगरीय ट्रेन दुर्घटना में एक घायल यात्री की गुरुवार को एक निजी अस्पताल में मौत हो जाने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई।

ठाणे के तहसीलदार (राजस्व अधिकारी) उमेश पाटिल ने कहा कि निजी अस्पताल में इलाज करा रहे घायल यात्री अनिल मोरे (51) की सुबह करीब 11 बजे मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एक अन्य घायल यात्री शिवा गवली (40) का अभी भी इलाज चल रहा है और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। पाटिल ने कहा कि अन्य घायलों का इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार, 9 जून को सुबह के व्यस्त समय में दिवा-मुंब्रा स्टेशनों के बीच चलती और भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरने से चार यात्रियों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।

# पुणे : जेजुरी-मोरगांव रोड पर सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत!



**पुणे :** पुणे जिले के जेजुरी-मोरगांव रोड पर हुए एक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और दो बच्चों समेत चार अन्य घायल हो गए, पुणे ग्रामीण पुलिस ने जानकारी दी। यह दुर्घटना शाम करीब 6:45 बजे जेजुरी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में किर्लोस्कर कंपनी के पास श्रीराम ढाबा के सामने हुई। पुणे ग्रामीण पुलिस अधिकारियों के अनुसार, श्रीराम ढाबा के मालिक सोमनाथ वायसे डिलीवरी पिकअप वाहन से रेफ्रिजरेटर उतार रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने अचानक उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें सात पुरुष और एक महिला शामिल हैं। मृतकों की पहचान सोमनाथ रामचंद्र वायसे, रामू संजीवनी यादव, अजय कुमार चव्हाण अजीत अशोक जाधव, किरण भारत राउत निवासी पवारवाड़ी, अश्विनी संतोष, अक्षय राउत और एक अज्ञात पुरुष के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए जेजुरी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में एक पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं, जिन्हें जेजुरी के शांताई अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जेजुरी पुलिस घटना की गहन जांच कर रही है। दुर्घटना के कारण और अज्ञात पीड़ित की पहचान के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। इससे पहले, दुर्घटना में कम से कम सात लोगों के मारे जाने की सूचना मिली थी। पुणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) संदीप सिंह गिल ने बुधवार को कहा, ''पुणे जिले के जेजुरी मोरगांव रोड पर एक सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना एक सेडान और एक पिकअप ट्रक के बीच हुई। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।'' 15 जून को महाराष्ट्र के पुणे जिले में इंद्रायणी नदी पर एक दुखद पुल ढहने से चार लोगों की जान चली गई। पुणे जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी के अनुसार, रविवार दोपहर को हुए इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 51 लोग घायल हो गए।

# कुर्ला इलाके में अवैध भट्टियों पर मनपा की कार्रवाई !

## दो दिन में 25 से अधिक भट्ठिया तोड़ी



**मुंबई :** कुर्ला एल वार्ड के अंतर्गत आने वाले प्रभाग क्रमांक 159 में असल्फा रोड और खैरानी रोड पर अवैध रूप से चल रही भट्टियों पर मनपा ने कठोर कार्रवाई शुरू की है। यह भट्टियां प्रदूषण फैला रही थीं, जिसके चलते मनपा ने इन पर कार्रवाई शुरू की है। मनपा प्रशासन ने पिछले दो दिन में 25 भट्टियों पर तोड़क कार्रवाई की है। मनपा एल वार्ड ओर की ओर से की गई कार्रवाई में मंगलवार को 13 अवैध भट्टियों को तोड़ कर निकाल दिया गया, जबकि इसके पहले सोमवार को भी 12 भट्टियों को तोड़ा गया था। इन भट्टियों का उपयोग सोना चंडी का व्यवसाय करने आभूषण गलाने वाले व्यवसायी करते हैं। इसी तरह अल्म्युनियम को गलाने और जींस के कपड़े को गर्म करके नरम बनाने के लिए किया जाता था। विभाग में अवैध रूप से चलाई जा रही अन्य भट्टियों की पहचान की जा रही है। एल वार्ड के सहायक आयुक्त धनाजी हेर्लेकर ने बताया कि यह कार्रवाई वायू प्रदूषण को रोकने के लिए उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कारखानों की पहचान की जा रही है जहां मनपा की अनुमति लिए बिना भट्टियां संचालित की जा रही हैं। इन भट्टियों से फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई करने की लोगों ने एमपीसीबी से शिकायत की थी। एमपीसीबी ने शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया। पर्यावरण पर बढ़ते परिणाम और लोगों की बढ़ती शिकायत को देखते हुए आखिरकार मनपा एल वार्डने अवैध रुप से चलाई जा रही भट्टिट्टयों को तोड़ कर हटा दिया।

# मुंबई : पालक मंत्री पद को लेकर तीखी नोकझोंक

## काला जादू के वीडियो से महायुति में तनाव...

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर सियासी तूफान खड़ा हो गया है. इस बार मुद्दा काला जादू है. एनसीपी अजित पवार गुट और शिवसेना शिंदे गुट के बीच पालक मंत्री पद को लेकर तीखी नोकझोंक शुरू हो गई है. विवाद तब तूल पकड़ा जब एनसीपी के यूथ प्रेसिडेंट सूरज चौहान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दावा किया जा रहा है कि शिवसेना शिंदे गुट के नेता और मंत्री भरत गोगावले अपने बंगले में एक अघोरी बाबा के साथ काला जादू कर रहे हैं. यह वीडियो महायुति गठबंधन में तनाव का कारण बन गया है.

सूरज चौहान ने अपने ट्वीट में आरोप लगाया कि पालक मंत्री बनने के लिए काला जादू का सहारा लिया जा रहा है. उन्होंने वीडियो के साथ सवाल उठाए कि क्या गोगावले इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं. अजित पवार गुट ने इसे गंभीर मसला बताते हुए शिंदे कैंप पर निशाना साधा और कहा कि अगर आरोप सही हैं, तो यह न केवल नैतिकता का उल्लंघन है, बल्कि कानूनी अपराध भी है. महाराष्ट्र में 2013



में लागू अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून काला जादू, अंधविश्वास और ऐसी प्रथाओं पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान करता है, जिसमें जुर्माना और जेल की सजा शामिल है.

**शिवसेना ने नहीं दी प्रतिक्रिया**

शिवसेना शिंदे गुट की ओर से अभी तक इस वीडियो या आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है. गोगावले के समर्थकों का दावा है कि यह वीडियो फर्जी है और इसे राजनीतिक साजिश के तहत फैलाया जा रहा है, ताकि उनके नेता की छवि खराब की जा सके. दूसरी ओर, अजित पवार गुट ने मांग की है कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और अगर दोषी पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाए. इस विवाद ने महायुति गठबंधन में सत्ता बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान को और उजागर कर दिया है.

महाराष्ट्र में पालक मंत्री पद को लेकर पहले भी विवाद देखे गए हैं. हाल ही में रायगड, नाशिक और औरंगाबाद जैसे जिलों के पालक मंत्री पद पर नियुक्तियों को लेकर दोनों गुटों के बीच तनाव रहा है. अब काला जादू का मुद्दा इसे और गर्म कर दिया है. राज्य के सियासी गलियारों में चर्चा है कि यह वीडियो महायुति के भीतर सत्ता और प्रभाव की लड़ाई का नतीजा हो सकता है. गठबंधन का बड़ा साथी बीजेपी अभी चुप्पी साधे हुए है. सोशल मीडिया पर इस मुद्दे ने जोर पकड़ा है. कई यूजर्स ने अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून का हवाला देकर कार्रवाई की मांग की, जबकि कुछ इसे सियासी बदले की कार्रवाई बता रहे हैं. वीडियो की सत्यता की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह महाराष्ट्र की राजनीति में नया मोड़ ला सकता है.

# मुंबई : जुलाई में भरने वाला पवई तालाब जून में ही लबालब

**मुंबई :** महानगरपालिका क्षेत्र के प्रमुख कृत्रिम तालाबों में से एक पवई तालाब बुधवार सुबह करीब छह बजे भरकर ओवरफ्लो होने लगा। इस तालाब में तकरीबन 545 करोड़ लीटर पानी जमा होता है। यह पानी पीने के उपयोग में नहीं लिया जाता। इस पानी का उपयोग मुख्यतः औद्योगिक उद्देश्यों और आरे दुग्ध वसाहत में पेयजल के अलावा अन्य कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाता है। यह तालाब पिछले साल 8 जुलाई 2024 को भरकर बहने लगा था। इस साल यह तालाब भी मई महीने में हुई भारी बारिश के चलते



जून महीने की 18 तारीख को ओवर फ्लो हो गया। तालाब समय से पहले भर जाने को लेकर पर्यावरणविदों ने चिंता जताई है। एनजीओ वंशक्ति के स्टालिन डी ने कहा कि यह समय से पहले ओवरफ्लो होना तालाब में अत्यधिक कीचड़ जमा होने का संकेत है। जिससे तालाब की जलधारण क्षमता कम हो गई है। उन्होंने कहा तालाब की सफाई सिर्फ प्रतीकात्मक जेसीबी मशीनों से नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे चरणबद्ध और वैज्ञानिक तरीके से दो वर्षों में साफ किया जाना चाहिए। फिलहाल मनपा द्वारा में जमा जलकुंभी हटाने के लिए दो मशीनें लगाई गई हैं। शहर के लोगों को पानी सप्लाई करने वाले सात तालाब हैं। जिसमे अप्पर वैतरणा, मोड़क सागर, तानसा, मध्य वैतरणा और भातसा पांच तालाब मुंबई के बाहर नाशिक ठाणे जिले में हैं। जबकि तुलसी और विहार मुंबई में है।

# बस सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई... 20 यात्री घायल


**सतारा :** पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक राज्य परिवहन की बस के चालक द्वारा सामने से आ रही एक निजी बस को चकमा देने की कोशिश करने के बाद बस सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिसमें कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना धेबेवाड़ी-पाटन रोड पर जानुगादेवी गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के पाटन डिपो की बस धेबेवाड़ी जा रही थी, तभी सुबह करीब आठ बजे यह दुर्घटना हुई।

# 64 वर्षीय महिला से 22.4 लाख रुपए की ठगी




**मुंबई :** मुंबई में एक चौंकाने वाला साइबर क्राइम सामने आया है, जिसमें ठगों ने अळर और जम्मू-कश्मीर पुलिस का हवाला देते हुए एक 64 वर्षीय महिला को ''पाकिस्तानी जासूस'' बताकर 22.4 लाख रुपये की ठगी कर डाली। मुंबई के साउथ साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, 5 जून को महिला को खुद को ''दिल्ली अळर इंस्पेक्टर प्रेम कुमार गुप्ता'' बताने वाले व्यक्ति का कॉल आया। फिर 'जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पुलिस' का एक और कॉल आया जिसमें महिला पर पाकिस्तान के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप लगाया गया। महिला ने आगे पुलिस को बताया कि ठगों ने उसे डराने के लिए नकली सरकारी आईडी भेजीं और धमकी दी कि यदि वह सहयोग नहीं करती तो उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत 50 लाख रुपये का जुर्माना और 10 साल की जेल हो सकती है। डर के मारे महिला ने 5 जून से 10 जून के बीच अपने खाते से कुल 22.4 लाख रुपये ठगों को ट्रांसफर कर दिए. और जब उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो उसने मुंबई की साउथ साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# ठाणे में मानसूनी बीमारियों का कहर



**ठाणे :** शहर में तेजी से हो रहे निर्माण कार्य अब नागरिकों के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। अनियंत्रित और नियमों की अनदेखी के कारण इन साइटों पर जमा पानी और कचरे से मच्छरों की भरमार हो गई है। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। डेंग्यू और मलेरिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की नींद उड़ी हुई है। बता दें कि जनवरी से 18 जून तक जिले के सरकारी अस्पताल में 299 मलेरिया और 164 डेंग्यू के मामले सामने आए हैं। वहीं निजी अस्पतालों में यह आंकड़ा कहीं अधिक होने की आशंका है। हाल ही में एक स्कूल में 45 बच्चों के डेंग्यू से संक्रमित होने का मामला सामने आया है, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय विधायक संजय केलकर ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए ठाणे महापालिका के प्रशासक तथा आयुक्त डॉ. सौरभ राव को पत्र लिखकर नियमों की अनदेखी कर रहे निर्माण कार्यों को तत्काल बंद करने की मांग की है।

# पुणे : महिला ने अपने नाबालिग बेटे के साथ बहुमंजिला इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली



**पुणे :** पुणे में एक 31 वर्षीय महिला ने अपने नाबालिग बेटे के साथ अपनी बहुमंजिला इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार शाम करीब 6.30 बजे हुई और पुलिस ने मृतक महिला की पहचान मयूरी शशिकांत देशमुख के रूप में की। पुलिस ने महिला के घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया, जिसमें उसने अपनी भाभी पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था और अपने छह साल के बेटे के साथ यह कदम उठाने का कारण बताया था। घटना पर टिप्पणी करते हुए, अंबेगांव पुलिस स्टेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''घटना शाम करीब 6.30 बजे कल्पक हाउसिंग सोसाइटी में हुई। '' उन्होंने कहा, ''हम मौके पर पहुंचे और पाया कि एक महिला अपने बच्चे के साथ सोसाइटी की छत से कूद गई थी और उसकी मौत हो गई।'' अधिकारी ने कहा, ''उसके घर पर, हमें एक नोटबुक में रखा एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें मृतक ने आरोप लगाया था कि वह अपनी भाभी द्वारा परेशान किए जाने के कारण यह कदम उठा रही है।'' उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# मुंबईः मुंबई की सात झीलों में जल स्तर में वृद्धि का संकेत



**मुंबईः** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने झीलों में पानी की आपूर्ति के बारे में जानकारी जारी की है, जो भारी बारिश के कारण मुंबई की सात झीलों में जल स्तर में वृद्धि का संकेत देती है। शहर की जल आपूर्ति के लिए आवश्यक झीलों की कुल क्षमता 14.47 लाख मिलियन लीटर है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने क्षेत्र में लगातार बारिश का अनुमान लगाया है, जिससे जल स्तर और भी बढ़ने की आशंका है। आईएमडी ने 22 जून तक मुंबई में बारिश की भविष्यवाणी की है, आज और कल हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है, और 20 जून को मध्यम बारिश के साथ-साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

# मुंबई : सड़क के किनारे खड़ी लावारिस गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई



**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) सड़क के किनारे खड़ी लावारिस गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। बीएमसी के आधिकारिक एक्स हैंडल द्वारा हाल ही में किए गए एक एक्स पोस्ट में कहा गया है कि आयुक्त भूषण गगरानी ने अधिकारियों को शहर की सड़कों से लावारिस और टूटी हुई गाड़ियों को हटाने का निर्देश दिया है। आधिकारिक बीएमसी पोस्ट में उल्लेख किया गया है कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) मुंबई की सड़कों पर लावारिस गाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। आयुक्त भूषण गगरानी ने अधिकारियों को यातायात और सुरक्षा संबंधी समस्याएँ पैदा करने वाली लावारिस और क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाने का निर्देश दिया है। बीएमसी ने गाड़ियों का पता लगाने और उन्हें हटाने के लिए बाहरी एजेंसियों को काम पर रखा है और मालिकों को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है।

# मुंबईः कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी



**मुंबईः** भारत मौसम विभाग ने 19 जून, गुरुवार को महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुंबई, रायगढ़ और रत्नागिरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पालघर और ठाणे में मध्यम से भारी बारिश की संभवना है।मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई में अगले सप्ताह बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। 20 जून को मध्यम बारिश की संभावना है, उसके बाद 21 और 22 जून को रुक-रुक कर बारिश हो सकती है।


## मुंबई: एक बार फिर हाउसिंग जिहाद चलने का सनसनीखेज आरोप

**मुंबई:** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के उपनेता व पूर्व सांसद संजय निरुपम ने मुंबई में हाउसिंग जिहाद चलने का सनसनीखेज आरोप एक बार फिर से दोहराया है। शिंदे की शिवसेना के नरीमन प्वाइंट स्थित कार्यालय बालासाहेब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में निरुपम ने कहा कि झोपड़पट्टियों के पुनर्विकास के मकसद से शुरू किए गए एसआरए (स्लम पुनर्विकास प्रोजेक्ट्स) प्रोजेक्ट की आड़ में कुछ विकासक मुंबई की डेमोग्राफी बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

निरुपम ने कहा कि बड़े मुस्लिम बिल्डर रिडेवलपमेंट के नाम पर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की हिंदू बहुल बस्तियों एवं इमारतों के इस्लामीकरण का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआरए प्रोजेक्ट और इमारतों के रीडेवलपमेंट के दौरान बिल्डर फर्जीवाड़ा करके हिंदुओं की संख्या से ज्यादा मुसलमानों को नई इमारतों में घुसा रहे हैं। बाद में मुसलमान लोग खरीदकर या फिर प्रताड़ित करके हिंदुओं को उन इमारतों से निकलने को मजबूर कर रहे हैं।

# ठाणे में महिलाओं के लापता होने की घटनाएं चिंताजनक...

## पांच महीने में 1,138 में से 317 अब भी गायब



**ठाणे :** ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत महिलाओं और नाबालिग लड़कियों के लापता होने की घटनाओं में चिंताजनक बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्ष 2025 के पहले पांच महीनों यानी जनवरी से मई के बीच कुल 1,138 महिलाओं के लापता होने की शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से 821 महिलाओं को पुलिस ने खोज निकाला है, लेकिन 317 महिलाओं का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे समाज में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। बता दें कि पांच महीनों में पुलिस के अनुसार 63 नाबालिग लड़कियां भी लापता हुई हैं। राहत की बात यह है कि इनमें से 52 लड़कियों को सकुशल बचा लिया गया है, जबकि शेष 11 की तलाश अब भी जारी है। ये घटनाएं ठाणे, भिवंडी, कल्याण, उल्हासनगर और वागले एस्टेट क्षेत्रों के 35 पुलिस थानों के अंतर्गत दर्ज की गई हैं। लड़कियों और महिलाओं के गायब होने के पीछे के कारणों पर नजर डालें तो सामाजिक और पारिवारिक उलझनें सामने आती हैं। कई बार लड़कियां पढ़ाई से ऊब, मोबाइल न मिलने की नाराजगी, प्रेम विवाह में परिवार का विरोध या दोस्तों से झगड़े जैसी वजहों से घर छोड़ देती हैं।

**पुलिस उपायुक्त (अपराध)**

अमरसिंह जाधव ने बताया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है और बरामदगी के लिए विशेष टीमें कार्यरत हैं। उन्होंने यह भी अपील की कि कोई भी व्यक्ति अगर किसी लड़की या महिला को बहला-फुसलाते हुए देखे, तो तुरंत पुलिस में शिकायत करें।

**संवाद से होगा समाधान**

विशेषज्ञों का मानना है कि माता-पिता को बेटियों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए, उनके सोशल मीडिया व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए और भावनात्मक रूप से उनका सहयोग करना चाहिए। इन आंकड़ों के पीछे छिपा दर्द समाज के लिए चेतावनी है कि यदि अब भी हम सतर्क नहीं हुए, तो यह संकट और गहराता जाएगा।

# ठाणे में मोबाइल चोरों का अड्डा बना कैडबरी जंक्शन,

## रिक्शा यात्रियों के लिए खतरे की घंटी...




**ठाणे :** ठाणे के पूर्व द्रुतगति मार्ग पर स्थित कॅडबरी जंक्शन से माजिवडा मार्ग तक का इलाका इन दिनों मोबाइल चोरों का नया अड्डा बन गया है। खासतौर पर रिक्शा में यात्रा करने वाले यात्रियों को निशाना बनाकर उनके हाथ से महंगे मोबाइल झपटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चोर दोपहिया वाहनों पर आते हैं और चलते रिक्शा से यात्रियों के हाथ से मोबाइल जबरदस्ती छीनकर फरार हो जाते हैं। इस दौरान कई बार यात्रियों को हाथ पर चोट भी पहुंचाई जाती है, जिससे उनकी जान को भी खतरा हो सकता है।

बीते दो महीनों में इस मार्ग पर मोबाइल चोरी की छह घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें लाखों रुपये कीमत के आईफोन और अन्य महंगे स्मार्टफोन चोरी हो चुके हैं। 1 जून को एक ही दिन में तीन मोबाइल चोरी हुए जिनमें आईफोन 16, आईफोन 15 प्रो और वीवो कंपनी का एक स्मार्टफोन शामिल था। इसके अलावा 10 मई को आईफोन 12, 6 मई को सैमसंग का 60 हजार रुपये का मोबाइल और 15 अप्रैल को एक और आईफोन 16 प्रो चोरी हुआ। इन घटनाओं की शिकायत राबोडी पुलिस थाने में दर्ज की गई है, लेकिन चोर घटनास्थल से तुरंत भिवंडी या मुंबई की दिशा में भाग जाते हैं, जिससे उन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता है। ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने बताया कि मोबाइल चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए उपाययोजना शुरू की गई है। एक पीड़ित अभिनेता संकेत कोर्लेकर ने बताया कि 16 मार्च को उनका दो लाख रुपये का मोबाइल चोरी हो गया था, जिसमें उनके जरूरी संपर्क और निजी जानकारी थी। उन्होंने इस इलाके में सीसीटीवी लगाने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**पहले भी घट चुकी है घटना**

वर्ष 2021 में इसी मार्ग पर रिक्शा से यात्रा कर रही एक युवती का मोबाइल छीनने की कोशिश के दौरान वह रिक्शा से गिर पड़ी थी और उसकी मौत हो गई थी। ऐसे में एक बार फिर वैसी ही घटनाएं दोहराए जाने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक प्रशासन इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं देता, तब तक यात्रियों की सुरक्षा खतरे में ही रहेगी।

# नालासोपारा में सड़क धंसी, फंसा वसई - विरार महापालिका का वाहन...



**नालासोपारा :** वसई-विरार में पिछले तीन दिनों से वसई-विरार शहर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में भीषण जलभराव 5 देखने को मिला, जिससे मुख्य सड़कें घुटनों तक पानी में डूब गईं और जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। वसई -विरार महानगरपालिका के लचर रवैये और अधूरे विकास कार्यों का खामियाजा आज विरार के नागरिकों को भुगतना पड़ा, जब चंदनाका रिलाइबल बिल्डिंग के पास महानगरपालिका का एक कचरा ट्रक अधूरे विकास कार्य में फंस गया। शहर में जगह-जगह गैस पाइपलाइन और एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का काम चालू है। महानगरपालिका ने मानसून आने से पहले इन सभी कामों को पूरा करने का दावा किया था, लेकिन सारे दावे धरे के धरे रह गए। विशेष रूप से, गुजरात गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए जहां सड़क की खुदाई की गई थी, स्थानीय लोगों के अनुसार, खुदाई के बाद मरम्मत का काम अधूरा छोड़ दिया गया था, जिससे सड़क पर गड्ढे और मिट्टी का ढेर जमा हो गया था। बुधवार शाम इसी अधूरे मरम्मत कार्य के कारण महानगरपालिका का एक कचरा वाहन सड़क के बीच में ही धंस गया और बुरी तरह फंस गया। ट्रक के अचानक सड़क पर फंस जाने से देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं।

## मुंबई : 1.93 करोड़ रुपये के हीरे से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में एक व्यक्ति और उसके बेटे को करीब सात महीने बाद गिरफ्तार




**मुंबई :** मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 1.93 करोड़ रुपये के हीरे से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में एक व्यक्ति और उसके बेटे को करीब सात महीने बाद गिरफ्तार किया गया है। बीकेसी पुलिस अधिकारी के अनुसार किशोर अभंगी और उसके बेटे मौलिक ने खुद को हीरा व्यापारी बताकर शिकायतकर्ता को धोखा दिया।

अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रियांक महेंद्रकुमार शाह हीरा व्यापारी है और वह और उसका भाई शहर के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में भारत डायमंड बोर्स से कारोबार करते हैं। अधिकारी ने बताया, ''आरोपियों को पिछले साल सितंबर में एक हीरा दलाल ने शाह बंधुओं से मिलवाया था। किशोर और मौलिक ने दावा किया कि वे बड़े ग्राहकों को सेवाएं देते हैं। कुछ ही समय में दोनों पक्षों के बीच कारोबारी संबंध बन गए।'' एक दिन आरोपी शाह के दफ्तर पहुंचे और दावा किया कि एक प्रतिष्ठित ग्राहक को उच्च गुणवत्ता वाले हीरे की जरूरत है। उन्होंने शिकायतकर्ता को 1.93 करोड़ रुपये मूल्य के 459 कैरेट हीरे सौंपने के लिए राजी किया और कुछ ही दिनों में सौदा पक्का करने का वादा किया। एक सप्ताह बाद शाह ने उनसे संपर्क किया, लेकिन आरोपियों ने दावा किया कि उन्होंने क्लाइंट को हीरे दिखा दिए हैं और जल्द ही डील फाइनल हो जाएगी।

# मुंबई : एक करोड़ से ज्यादा की चोरी कर अजमेर भागा आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में एक करोड़ रुपये से ज्यादा की चोरी कर अजमेर भागा आरोपी मोहम्मद आबिद को अजमेर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस बड़ी कार्रवाई के पीछे मुंबई पुलिस की सूचना थी. इंटेलिजेंस मिलते ही अजमेर जीआरपी, आरपीएफ, क्लॉक टावर थाना, अलवर गेट थाना और क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मिलकर एक सर्च अभियान चलाया. इसके बाद आबिद को पुलिस ने उठाया.

मुंबई के पंतनगर में चोरी हुई थी जानकारी के अनुसार, चोरी की यह बड़ी वारदात मुंबई के पंतनगर थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में हुई थी. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया और मुंबई पुलिस को शक था कि वह अजमेर की ओर भाग सकता है. इस सूचना पर पुलिस टीमों ने तुरंत हरकत में आते हुए अमरपुरा अरावली एक्सप्रेस की तलाशी ली, जो अजमेर स्टेशन पर पहुंच रही थी. तलाशी के दौरान ही आरोपी मोहम्मद आबिद पुलिस के हत्थे चढ़ गया.

अब आरोपी को मुंबई पुलिस वापस ले जाएगी, जहां उससे पूछताछ की जाएगी. मामले की आगे की जांच होगी. पुलिस को इस चोरी की वारदात में दो और बदमाशों के शामिल होने की जानकारी मिली है, जिनकी तलाश अब भी जारी है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com